पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2021-23 प्रकाशित 16.08.2023 इस अंक का मूल्य 2 रूपये



॥ ओ३म् ॥

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**दानदाताओं से अपील**

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु खाता संख्या 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया, घन्टाघर, दिल्ली–110007, आई. एफ. एस.कोड - SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. 9868051444 पर एस.एम.एस कर दें या 9958889970 पर Paytm कर दें। – अनिल आर्य

वर्ष-40 अंक-06 भाद्रपद-2080 दयानन्दाब्द 200 16 अगस्त से 31 अगस्त 2023 (द्वितीय अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

प्रकाशित: 16.08.2023, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के युवा संस्कार अभियान का भव्य शुभारम्भ

## टाटा पावर सुलतान पुरी में युवा संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न

**संस्कारित युवाओं पर हैं राष्ट्र का भविष्य –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**




शनिवार 12 अगस्त 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में टाटा पावर हाउस सुलतान पुरी दिल्ली में 'युवा संस्कार समारोह' का आयोजन किया गया। आचार्य श्याम पाल शास्त्री ने यज्ञ करवाया व यज्ञोपवीत संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि राष्ट्र का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है अतः उन्हें संस्कारित करना समय की आवश्कता है। युवा मातृ पितृ भक्त बने, ईश्वर भक्त बने, देश भक्त बने यह प्रयास रहना चाहिए। उन्होंने महापुरुषों क्रांतिकारीयो की जीवनी पढ़नी चाहिए जिनका स्वतन्त्रता आन्दोलन में उल्लेखनीय योगदान रहा। कुशल संचालन राधा भारद्वाज ने किया उन्होने कहा कि हम समाज कल्याण के कार्य में जुटे रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दशरथ भारद्वाज ने की। बच्चो के स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में गीत संगीत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## साहिबाबाद में युवा संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न

**स्वतंत्रता आंदोलन में आर्य समाज का सर्वाधिक योगदान– राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**





गाजियाबाद,रविवार 13 अगस्त 2023,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् एवं आर्य समाज समर्पण शोध संस्थान राजेन्द्र नगर के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की 200 वीं जयंती के अवसर पर श्रावणी पर्व के उपलक्ष्य में युवा संस्कार अभियान के अंतर्गत साहिबाबाद के 4/42,सेक्टर 5,राजेन्द्र नगर में आजादी के दीवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जो कि अमूल डेयरी राजेन्द्र नगर से चलकर मुख्य मार्गों पंचशील पार्क,श्याम पार्क,जिंदल मार्केट,शांति चोक,प्रेरणा पार्क एवं बुद्धा पार्क से होती हुई आर्य समाज समर्पण शोध संस्थान में भारत माता की जय,वंदे मातरम् के नारे लगाते हुए तथा देश भक्ति के गीत गाते हुए पहुंचे।तिरंगा यात्रा का मार्ग में कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य वेद प्रकाश शास्त्री ने यज्ञ एवं यज्ञोपवीत संस्कार कराया। मुख्य यज्ञमान श्रीमती सौम्या आर्या,श्री अभय आर्य, श्रीमती आशा यादव एवं श्री के के यादव रहे। (शेष पृष्ठ 2 पर)

# आर्य समाज वजीर पुर जे. जे. कॉलोनी दिल्ली में युवा संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न





रविवार 13 अगस्त 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में उत्तरी दिल्ली की प्रमुख आर्य समाज वजीर पुर जे जे कॉलोनी दिल्ली में आचार्य प्रेमपाल शास्त्री की अध्यक्षता में युवा संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ आचार्य सन्तोष शास्त्री ने यज्ञ करवाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य मुख्य अतिथि रहे। मुख्य यजमान लक्ष्य विद्यार्थी रहे। वीरेश आर्य, विजय गर्ग, राधेश्याम आर्य ने व्यवस्था संभाली। सभी ने ऋषि लंगर का आनंद लिया।

# आर्य समाज सन्देश विहार व नगर शाहदरा में युवा संस्कार सम्पन्न




आर्य समाज सन्देश विहार दिल्ली में युवा संस्कार कार्यक्रम में 110 बच्चो ने यज्ञोपवीत धारण किया। आचार्य ज्ञान चंद जी ने यज्ञ करवाया। दुर्गेश आर्य ने कुशल संचालन किया व डॉ. विशाल आर्य प्रधान, विजेन्द्र आनंद मंत्री ने धन्यवाद ज्ञापित किया। द्वितीय चित्र में आर्य समाज नगर शाहदरा दिल्ली में युवा संस्कार कार्यक्रम आर्य नेता यशोवीर आर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ , आचार्य ब्रह्मदेव वेदालंकर ने यज्ञ करवाया। पार्षद भारत गौतम, निर्मल जैन, महेन्द्र भाई,राजकुमार कपूर, संजय गोयल ने अपनी शुभ कामनाएं दी। मंत्री राजीव कोहली ने कुशल संचालन किया।

# आर्य समाज नरेला दिल्ली में युवा संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न

## 160 यूनिट रक्त दान एकत्र हुआ





रविवार 13 अगस्त 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में आर्य समाज नरेला दिल्ली में युवा संस्कार कार्यक्रम प्रधान संजय खत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर रक्त दान शिविर भी लगाया गया जिसमें 160 यूनिट रक्त दान एकत्र हुआ। अरूण आर्य ने कुशल संचालन किया। राजपाल आर्य,रामपाल शास्त्री, सुषमा गौतम, सौरभ गुप्ता, सुरेश खत्री, एस पी जून, प्रवीण लाकड़ा आदि ने संबोधित कर शुभ कामनाएं दी।

**(पृष्ठ 1 का शेष)**

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में आर्य समाज का सर्वाधिक योगदान रहा है।आर्य समाज व महर्षि दयानंद जी से प्रेरणा पाकर हजारों नोजवान आजादी की लड़ाई में कूद पड़े, कइयों को फांसी व आजीवन कारावास की सजा मिली। हैदराबाद के आंदोलन में आर्य समाज के प्रचण्ड संघर्ष व बलिदान के कारण निजाम को घुटने टेकने पडे।आज सभी को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ लेनी चाहिए। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200 वीं जयंती के अवसर पर यज्ञोपवीत संस्कार,सनातनी संस्कृति, देशभक्ति पर मार्ग दर्शन किया। सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक सर्वश्री बिजेंद्र सिंहओम पाल शास्त्री एवं नरेश चन्द्र आर्य आदि ने यज्ञोपवीत महिमा के गीत प्रस्तुत किए जिसे सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। आचार्य राकेश भटनागर ने यज्ञोपवीत के महत्व की विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि आर्य, हिन्दू की पहचान यज्ञोपवीत और चोटी से होती थी जो कि आज दोनों गायब हैं,आज इस सांस्कृतिक चिन्ह को पुनः धारण करने की आवश्यकता है। मुंबई से पधारे राजेन्द्र भटनागर ने कहा कि आर्य युवा,आर्य समाज राष्ट्रीय एकता के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री मदन राय निगम पार्षद, नित्य प्रिय आर्य, रमेश भटनागर,प्रमोद चौधरी, देवेन्द्र आर्य,सुरेश प्रसाद,त्रिलोक शास्त्री,सौरभ गुप्ता,राज कुमार आर्य, अनिल तोमर,अभय यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला मंत्री सुरेश आर्य ने किया। शांतिपाठ एवं ऋषि लंगर के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् द्वारा कोरोना काल में भी 566वां वेबिनार सम्पन्न

## सावन आयो रे संगीत संध्या सम्पन्न



सोमवार 31 जुलाई 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वाधान में तनाव व अकेलापन दूर करने के लिए 'सावन आयो रे संगीत संध्या' का ऑनलाइन आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 562 वां वेबिनार था। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि तनाव कम करने में संगीत सहायक है व अनेक बीमारियों का उपचार अब केवल दवाइयों से ही नहीं, बल्कि वैकल्पिक विधियों से भी किया जाने लगा है।संगीत द्वारा भी बहुत सी बीमारियों का निदान होता है।बहुत से शोधों के उपरांत चिकित्सा विज्ञान भी यह मानने लगा है कि प्रतिदिन 20 मिनट अपनी पसंद का संगीत सुनने से स्मरण शक्ति विकसित होती है और अनेक रोगों का ध्वनि तरंगों से उपचार भी सम्भव है।उच्च रक्तचाप में धीमी गति और निम्न रक्तचाप में तीव्र गति का गीत–संगीत लाभ देता है।वीणा वादन सुनना अति लाभदायक होता है। मुख्य अतिथि आर्य नेत्री रजनी गर्ग ने कहा कि परिषद ने किसी भी परिस्थिति में हार नही मानी है और सदैव अपने लक्ष्यों को समय पर पूर्ण किया है।जहाँ नही होता कभी विश्राम आर्य युवक परिषद है उसका नाम के उदघोष को भी सार्थक किया है। आर्य नेता नरेन्द्र आर्य सुमन ने कहा कि संगीत मन के भावों से उत्पन्न होता है।बिना शब्दों वाला धीमी गति का मधुर संगीत सुनना मन को शांति देता है। तनाव कम होता है और बढ़ी हुई हृदय गति में सुधार आता है।श्वास प्रक्रिया सामान्य होती है।बेचौनी में तुरंत आराम मिलता है।संगीत चाहें सुनें,गाएं या बजाएं,सभी रूपों में इसका अच्छा प्रभाव देखने को मिलता है। प्रान्तीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि नियमित संगीत सुनना शारीरिक और मानसिक दोनों स्तर पर लाभ देता है।अच्छी नींद भी आती है।डर,कुंठा व क्रोध कम होता है व मन प्रसन्न रहता है। गायक राज कुमार सैनी, वीरेन्द्र कुमार, पिंकी आर्या, नरेश खन्ना, सुदेश आर्य, नताशा कुमार, दीप्ति सपरा जनक अरोड़ा, किरण सहगल,गीता शर्मा आदि ने ओजस्वी गीतों से समा बांध दिया।

## श्रावण में कांवड़ यात्रा पर गोष्ठी सम्पन्न

### तीर्थाटन कर संस्कृति की रक्षा करें –विमलेश बंसल दर्शनाचार्या



सोमवार, 7 अगस्त 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वाधान में 'श्रावण में कावड़ यात्रा' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 564 वां वेबिनार था। वैदिक विदुषी विमलेश बंसल दर्शनाचार्या ने कहा कि कांवड़ यात्रा को धर्म प्रचार यात्रा का रूप देना चाहिए इतनी धन जन शक्ति लगती है पर समाज को कोई लाभ नहीं मिल पाता,यदि वेद प्रचार भी जुड़ जाए तो ज्ञान वर्धन यात्रा हो सकती है इस पर विचार करने की आवश्यकता है।विभिन्न धार्मिक स्थल जो पहाड़ों पर स्थित हैं देश भ्रमण व अवलोकन का अवसर देते हैं इस बहाने अपनी संस्कृति से जुड़ें और प्राकृतिक सुन्दरता का अवलोकन करें।उन्होने कहा कि वस्तुतरू कावड़ यात्रा राष्ट्रीय एकात्मता, सामाजिक समरसता,पृथिवी, जल और प्रकृति का संरक्षण , संवर्धन के साथ मानव के धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिए श्रावण मास में एक उत्तम अवसर है।श्रावण मास के श्रुति सम्मत धार्मिक और आध्यात्मिक लाभ से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे,यह प्रयास हम सबको करना चाहिए। हम विशुद्ध रूप से उत्तम कावड़िए बनें,भिन्न भिन्न मंचों से भिन्न भिन्न माध्यमों से यज्ञ अध्ययन स्वाध्याय द्वारा धर्म के स्कंध को पुष्ट करें।शुद्ध ज्ञान, शुद्ध कर्म,शुद्ध उपासना की कावड़ से जीवन का कल्याण करें, ईशावास्यमिदम् अर्थात् ईश्वर की कण कण में विद्यमानता को चारों ओर शुद्ध स्वरूप में निहारें।ओम् परमात्मा ही कल्याणकारी शिव हैं निर्माण पालन पोषण रक्षण इत्यादि कार्य उसके शिवत्व को ही दर्शाते हैं।सम्पूर्ण भारत में अलग अलग विद्यमान ज्योतिर्लिंग ईश्वर की ज्ञान ज्योति के प्रतीक मात्र दीप शिखाओं के समान हैं जो ज्ञान और अध्यात्म के माध्यम से न सिर्फ भारत को,बल्कि सम्पूर्ण विश्व को आलोकित कर रहे हैं।ऋग्वेद में एक मंत्र आता है उपहवरे गिरीनाम संगमे च नदीनां धिया विप्रो अजायत,,, अर्थात् नदियों के पवित्र संगम पर और पर्वतों की चोटियों पर मेधावी विप्र बन जाते हैं ऐसी पवित्र भूमि पर जो ऋषियों ज्ञानियों ध्यानियों की तपस्थली है वहां जाना,ध्यान उपासना आदि करना,सेवा देना आदि सौभाग्य की बात है। इसलिए तीर्थाटन करके हमें संगठन में चलकर उस आध्यात्मिक ऊर्जा को सपरिवार ससमाज अवश्य ग्रहण करना चाहिए तभी मानव कल्याण,इस दौरान विध्वंसकारी उपद्रवी तत्वों का डटकर प्रतिकार कर अपनी संस्कृति की रक्षा करनी चाहिए। मुख्य अतिथि आर्य नेत्री प्रोमिला गुप्ता व राजश्री यादव ने अपनी नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का आह्वान किया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि यह पर्व हमारी संस्कृति को मजबूत बनाया करते हैं।राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया। गायिका प्रवीणा ठक्कर, रविन्द्र गुप्ता,जनक अरोड़ा, किरण सहगल, आदर्श सहगल, गीता शर्मा आदि के मधुर भजन प्रस्तुत किए।


## आर्य समाज आनन्द विहार में युवा संस्कार व आचार्य महेन्द्र भाई का अभिनन्दन





पूर्वी दिल्ली की आर्य समाज आनन्द विहार में युवा संस्कार कार्यक्रम का सुन्दर दृश्य। द्वितीय चित्र में राष्ट्रीय महामंत्री महेन्द्र भाई का आस्ट्रेलिया से वापिस आने पर अभिनंदन करते अनिल आर्य, रामकुमार आर्य, वेद प्रकाश आर्य, सोनिया संजू,सरोज आर्या आदि ।

# 'वीर हकीकत और यज्ञोपवीत' पर गोष्ठी सम्पन्न




शुक्रवार, 4 अगस्त 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में 'वीर हकीकत और यज्ञोपवीत' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 563 वां वेबिनार था। वैदिक प्रवक्ता आचार्या श्रुति सेतिया ने कहा कि वीर हकीकत धर्म की रक्षा के लिए बलिदान हो गए पर हिन्दू धर्म नही बदला। वह अपने यज्ञोपवीत की रक्षा के लिए बलिदान हो गए ऐसे वीरों का जीवन आने वाली पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। उन्होने कहा कि वीर हकीकत राय ने धर्म विवाद की लड़ाई में अपना धर्म परिवर्तन के बजाय अपना सिर कटवा देना स्वीकार कर लिया। बसंत पंचमी के दिन 14 वर्ष के बालक हकीकत राय को मृत्यु दंड दे दिया गया।वीर हकीकत राय ने अपने धर्म को अपने जीवन से बड़ा माना और धर्म की रक्षा के लिए अपनी जिंदगी कुर्बान कर दी और सदा सदा के लिए अमर हो गए। प्रत्येक जाति में शरीर,मन, बुद्धि और आत्मा की शुद्धि तथा विकास के लिए विभिन्न प्रकार के संस्कारों का विधान है।संसार की सर्व प्राचीन और सर्वाधिक सभ्य एवम् सुसंस्कृत आर्य जाति ने अपने प्रत्येक सदस्य के लिए जिन संस्कारों की व्यवस्था की है उनमें यज्ञोपवीत का विशेष महत्व है। संसार में जन्म लेते ही मनुष्य अनेक ऋण में बंध जाता है। उसका प्रथम ऋण तो उसके जन्मदाता माता पिता होते हैं। यज्ञोपवीत का प्रथम सूत्र इसे धारण करने वाले को पितृ ऋण का सदा स्मरण कराता है।दूसरा सूत्र आचार्य के ऋण से ऊऋण होने की सूचना देता है।तृतीय धागा उन पुरातन ऋषियों के ऋण से ऊऋण होने का संतेक देता है जिन्होंने वेद मंत्रों में विहित तत्वों का अपनी ऋतंभरा प्रज्ञा के द्वारा साक्षात्कार किया।मध्यकाल में यज्ञोपवीत का प्रचलन समाज के कुछ वर्गों तक ही सीमित रह गया था।अनेक जातियों में तो विवाह के एक दिन पूर्व ही यज्ञोपवीत का विधान किया जाने लगा है जबकि यज्ञोपवीत और वेदारम्भ दोनों संस्कार युगापत अर्थात एक के बाद एक होने चाहिएं।पुरातन इतिहास से प्रमाणित होता है की उस युग में नारियां भी व्रतबंध (यज्ञोपवीत) ग्रहण करती थीं। आवश्यकता इस बात की है कि मनुष्य की सर्वागीर्ण उन्नति के प्रतीक यज्ञोपवीत संस्कार का पुनः प्रचार हो ताकि हम अपनी सर्वाधिक उन्नति के प्रति सचेत होकर आर्योचित कर्तव्य कर्मों का पालन कर सकें। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि गायत्री मंत्र और वेद पढ़ने का अधिकार महर्षि दयानंद सरस्वती ने महिलाओ को प्रदान किया कुछ लोगो का ऐसा कहना कि महिलाओ को अधिकार नहीं है दुर्भाग्य पूर्ण है।आर्य समाज बिना किसी भेद भाव के सभी को गुरुकुलों में शिक्षा प्रदान करता है। मुख्य अतिथि डॉ. रचना चावला व अध्यक्ष शारदा कत्याल ने वीर महापुरुषों की कहानियां अपनी संतानों को सुनाने का आह्वान किया।राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि हम श्रावणी पर हजारों युवाओं को यज्ञोपवीत संस्कार करवायेंगे। गायिका प्रवीणा ठक्कर, कमलेश चांदना, सरला बजाज, आदर्श सहगल, गीता शर्मा, ईश्वर देवी, कमला हंस आदि ने मधुर भजन प्रस्तुत किए।

# आर्य समाज गुड़ मंडी व मंगोल पुरी दिल्ली में युवा संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न






आर्य समाज गुड़ मंडी दिल्ली में युवा संस्कार कार्यक्रम श्री वीरेन्द्र आहुजा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आचार्य अजीत शास्त्री ने यज्ञ करवाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य मुख्य अतिथि रहे। ओम सपरा, प्रतिभा सपरा, देवेन्द्र भगत,विमला आहुजा, अभिषेक शर्मा, ओमप्रकाश लखनपाल ने अपनी शुभ कामनाएं दी।

द्वितीय चित्र में भैरव मन्दिर टी ब्लॉक मंगोल पुरी दिल्ली में युवा संस्कार सम्पन्न हुआ धर्मपाल आर्य, ललित किशोर ने कुशल संचालन किया।

# अशोक नगर पूर्वी दिल्ली व जम्मू में युवा संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न






पूर्वी दिल्ली के अशोक नगर में सोनिया संजू के नेतृत्व में युवा संस्कार सम्पन्न हुआ, सुन्दर शास्त्री ने यज्ञ करवाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य मुख्य अतिथि रहे। आचार्य महेन्द्र भाई,वेद प्रकाश आर्य, रामकुमार आर्य, ओम प्रकाश जी ने अपनी शुभ कामनाएं दी।

द्वितीय चित्र में आर्य समाज जानीपुर जम्मू में युवा संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कपिल बब्बर, रूही बब्बर, वेदांशु शास्त्री ने व्यवस्था संभाली।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**, 2199/63,नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 **मो.**: 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970